**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 12.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)**

*************************

सरकार ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में देश में फसल उत्पादन में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आज राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मोदी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और समग्र कृषि विकास को गति देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। श्री चौहान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार किसानों को दो लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी प्रदान कर रही है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है।

*************************

सरकार ने सोशल मीडिया पर एक फेक वीडियो का खुलासा किया है। इसमें नेशनल कैडेट कॉर्प्स के डायरेक्टर जनरल लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स दावा कर रहे हैं कि इंटेलिजेंस रिपोर्ट के मुताबिक मई में पाकिस्तान के ड्रोन दिल्ली और गुजरात पहुंचे थे। पत्र सूचना कार्यालय– पी आई बी की फैक्ट चेक यूनिट ने कहा कि पाकिस्तानी प्रोपेगैंडा हैंडल्स – एन सी सी डायरेक्टर जनरल का डिजिटली छेड़छाड किया हुआ वीडियो शेयर कर रहे हैं और उन्होंने ऐसा कोई दावा नहीं किया है। पी आई बी ने नागरिकों से यह भी कहा कि अगर ऐसा कोई कंटेंट मिले तो तुरंत रिपोर्ट करें।

*************************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि विगत गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर सर्चेबल फॉर्मेट में उपलब्ध है। उन्होंने अन्य राज्यों से आए उन मतदाताओं से आग्रह किया कि जिनका नाम झारखंड की मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया है, वे अपने संबंधित राज्य की सूची में नाम खोजकर बीएलओ से संपर्क करें और 1950 पर कॉल कर सहायता प्राप्त करें। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान एक भी योग्य मतदाता न छूटे और सभी कार्य आयोग के नियमों के अनुरूप किए जाएं।

*************************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर आरोप लगाया कि राज्य सरकार अवैध खनन से जुड़ी काली कमाई पर निर्भर है और साहिबगंज–पाकुड़ क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध पत्थर कारोबार को नजरअंदाज कर रही है। अपने सोशल मीडिया हैडल एक्स पर उन्होंने कहा कि पूरे खेल का संचालन एक कथित **"बाबा"** के इशारे पर होता है, जिसके लिए अधिकारी भी काम करते हैं, और विरोध करने वालों पर झूठे केस दर्ज किए जाते हैं। श्री मरांडी ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद "बाबा" के लिए तैनात पुलिसकर्मियों को हटाया गया है और अपेक्षित है कि सीबीआई जल्द ही अवैध खनन मामले में कार्रवाई के परिणाम सामने लाएगी।

*************************

धनबाद में ईडी की बड़ी कार्रवाई में धनसार और भेलाटांड स्थित कोयला कारोबारी मनोज अग्रवाल के आवास और कार्यालय पर सुबह 7.30 बजे से छापेमारी जारी है। ईडी टीम वित्तीय लेन–देन, कोयला कारोबार से जुड़े दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक डेटा की गहन जांच कर रही है, जबकि सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र को घेर रखा है। यह एक महीने के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई है, जिसे कोयला कारोबार में संभावित अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच से जोड़कर देखा जा रहा है।

*************************

पाकुड़ जिले की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए **भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान** जुटा हुआ है।

**************************

राजधानी रांची समेत राज्य भर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राज्य के सात जिलों का तापमान नौ डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। राजधानी रांची के कांके क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान तीन दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

**************************